an>

Title: Need to install a 1 KW FM Transmitter for operation of FM Radio Station in Tharad city, Gujarat -laid.

श्री परबतभाई सवाभाई पटेल (बनासकांठा): प्रसार भारती निदेशालय द्वारा वर्ष 2015 में 12th प्लान के अंतर्गत गुजरात राज्य में 13 स्थानों पर 1 KW FM ट्रांसमीटर लगाने हेतु अनुमोदन किया गया था और इसमें से एक थराड शहर भी है जो एक विधानसभा क्षेत्र है और मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा लोकसभा के अंतगर्त आता है, जहाँ अबतक FM रेडियो स्टेशन का संचालन नहीं हो पाया है I थराड एक पिछड़ा हुआ मजदूर और किसान बहुल क्षेत्र होने के साथ साथ पाकिस्तान की सीमा से लगा हुआ है । इस कारण यहाँ रडियो स्टेशन की बहुत सख्त आवश्यकता है । यहाँ FM रेडियो स्टेशन नहीं होने के कारण किसान, मजदूर, विद्यार्थी अनेक आवश्यक जन-साधारण सूचनाओं से वंचित रह जाते है उन्हें आसानी से कोई आवश्यक सूचना नहीं मिल पाती है । FM रेडियो स्टेशन संचार प्रसारण का सबसे सस्ता और सुलभ साधन भी है I मेरा मंत्री जी से निवेदन है कि उक्त मामले को अपने संज्ञान में लेकर यथाशीघ्र 1 KW FM ट्रांसमीटर का इंस्टालेशन कर जल्द से जल्द FM रेडियो स्टेशन का संचालन करने की कृपा करें ।